घोटाला | विक्रेता समेत तीन पर एफआईआर दर्ज, गरीबों के राशन की कालाबाजारी, पीओएस मशीन में अंगूठा लगाकर ग्राहकों को नहीं दिया अनाज

दो उचित मूल्य की दुकानों से 3 .91 लाख के खाद्यान्न का गबन

मंडला 16 नबंवर नभाप्र. मंडला जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित होने वाली दो उचित मूल्य की दुकानों में करीब 3.91 लाख के खाद्यान्न के गबन और कालाबाजारी का मामला सामने आया है। इस संबंध में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने विक्रेता समेत सहकारी समिति के प्रबंधक और प्रशासक (अध्यक्ष) के विरुद्ध दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। बताया गया कि बीजाडांडी पुलिस थाना में विगत 30 अक्टूबर को उप-निरीक्षक पंकज विश्वकर्मा की ओर से दो एफआईआर दर्ज की गईं।

जानकारी अनुसार बीजाडांडी के जमठार और भटाडुंगरिया सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किये गए गबन के मामले में तीन व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है, जिन पर भारतीय न्याय संहिता की धारा और आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिन आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की गई है, उनमें जगदीश वरकड़े उचित मूल्य दुकान विक्रेता, शंकर लाल यादव समिति प्रबंधक, सरोज कुमार कुजूर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित लेम्पस छिबलिया के प्रशासक (अध्यक्ष) है।

दो राशन दुकानों से किया गबन

गबन का यह मामला जून से अक्टूबर 2025 के बीच का है, जिसकी जांच अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास द्वारा की गई थी। जांच में पाया गया कि ग्राम जमठार में चावल, गेहूं और नमक में 1,02,005 का गबन किया गया। वहीं भटाडुंगरिया में चावल, गेहूं और शक्कर में 2,89,765 का गबन किया गया। दोनों दुकानों से गबन की गई खाद्यान्न की कुल मात्रा लगभग 99 क्विंटल से अधिक है, जिसकी शासकीय राशि 3 लाख 91 हजार 770 रूपए बताई गई है।

ऐसा डाला गरीबों के राशन पर डाका

इस गरीबों के राशन के गबन की जांच रिपोर्ट में पाया गया कि आरोपी जगदीश वरकड़े द्वारा माह जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर 2025 का खाद्यान्न वितरित नहीं किया गया। विशेष रूप से भटाडुंगरिया दुकान पर यह पाया गया कि विक्रेता ने पीओएस मशीन में हितग्राहियों का अंगूठा लगाकर खाद्यान्न की मात्रा चढ़ा दी, लेकिन उन्हें राशन नहीं दिया गया। अगस्त 2025 में भी दोनों दुकानों पर वितरण बहुत कम हुआ था, जिसमें जमठार में 71.94 प्रतिशत, भटाडुंगरिया में 14.4 प्रतिशत था, जिसके कारण हितग्राहियों को सितंबर माह का आवंटन भी कम मिला। जिसके कारण हितग्राहियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें दर्ज कराने के बाद यह मामला प्रकाश में आया। विक्रेता द्वारा कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब न देने के बाद अभियोजन के लिए कलेक्टर मंडला से अनुमोदन प्राप्त किया गया, जिसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली। आरोपियों पर मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की विभिन्न कंडिकाओं और दुकान आबंटन प्राधिकार पत्र की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन करने का आरोप है।

हाईवे किनारे खुलेआम बिक रही महुआ शराब

ढाबों पर अवैध शराब बिक्री से बढ़ा अपराध, चोरी की घटनाओं में इजाफा

पुलिस-प्रशासन पर कार्रवाई में विफलता का आरोप

नारायणगंज 16 नबंवर नभाप्र. नारायणगंज क्षेत्र से सटे राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित कई ढाबों में खुलेआम देशी महुआ शराब की बिक्री जारी है। कभी यात्रियों के भोजन और विश्राम के लिए प्रसिद्ध रहे ये ढाबे अब नशे के अड्डों में तब्दील हो चुके हैं, जिसके कारण स्थानीय कानून-व्यवस्था और नई पीढ़ी के भविष्य पर गहरा संकट मंडरा रहा है। बताया गया कि देर रात तक इन ढाबों में नशे का दौर चलता है, जहां नई उम्र के युवक बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। सस्ती और आसानी से उपलब्ध यह देशी शराब युवाओं के जीवन को धीरे-धीरे बर्बादी की ओर धकेल रही है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलते ही इन ढाबों के आसपास शराबियों की भीड़ लग जाती है। नशे में धुत युवक अक्सर सड़क पर हंगामा करते हैं, जिससे आम जनता परेशान होती है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां आए दिन झगड़े, तोड़फोड़ और मारपीट की घटनाएं भी आम हो चुकी हैं। इस स्थिति से क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है और स्थानीय लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ढाबों में बिकने वाली देशी शराब अधिकतर महुआ से तैयार की जाती है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है।

युवाओं पर पड़ रहा असर

अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने में पुलिस तंत्र पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस द्वारा कभी-कभार की जाने वाली जांच के बाद हालात दोबारा वैसे ही हो जाते हैं। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति का सीधा असर अब सामाजिक और आपराधिक गतिविधियों में भी दिखाई दे रहा है, जिसके चलते क्षेत्र में चोरी और अन्य छोटी आपराधिक घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि इन ढाबों पर सख्त कार्रवाई की जाए, नियमित जांच की व्यवस्था हो और अवैध शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो यह नशे की लत आने वाली पीढ़ी को अंधकारमय भविष्य की ओर ले जाएगी।

भारतीय किसान संघ ने भुआ बिछिया में भरी हुंकार, तहसील कार्यकारिणी का किया गठन

भुआबिछिया 16 नबंवर नभाप्र. भारतीय किसान संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री पूर्ण शर्मा एवं जिला अध्यक्ष श्रीराम सिंधिया का मंडी प्रांगण आगमन हुआ। किसान सभा को संबोधित करते हुए पदाधिकारीयों की बैठक ली। बैठक में किसानो के भगवान बलराम, भारत माता, भारती किसान संघ के संस्थापक राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी के तेल चित्र का पूजन किया। सभा को संबोधित करते हुए संभागीय संगठन मंत्री पूरन शर्मा ने भारतीय किसान संगठन के विषय में बताया कि यह किसानों का संगठन है, किसानों के लिए है, किसानों के द्वारा चलाया जाता है, गैर राजनीतिक दल है, और राष्ट्रवादी संगठन है किसी भी राजनीतिक दल का व्यक्ति भारतीय किसान संघ का पदाधिकारी नहीं बन सकता। राष्ट्रवादी संगठन के विषय में कहा कि राष्ट्र के हित में करेंगे काम एवं फसल का लेंगे पूरा दाम, जितना भी बनेगा देश के हित में करेंगे लेकिन किसानों की हित में करेंगे क्योंकि किसान जागरूक और समृद्ध रहेगा तो देश भी समृद्ध रहेगा। बैठक में जिला अध्यक्ष श्री राम सिंधिया ने किसानों को संगठित होने की बात कही और अधिक से अधिक संख्या में एक जुट होने की बात के साथ ही प्रत्येक किसान की समस्या का निदान कराने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के बाद संभागीय संगठन मंत्री एवं जिला अध्यक्ष की सहमति से सर्वसम्मति से तहसील शाखा की कार्यकारिणी गठन किया गया। जिसमें तहसील शाखा अध्यक्ष जमुना यादव, उपाध्यक्ष अरुण पटेल, मंत्री मोतीलाल जांघेल, सह मंत्री सुनील हरदहा, मीडिया प्रभारी सुदेश नामदेव, सह मीडिया प्रभारी राकेश पुरी गोस्वामी, जैविक खेती प्रमुख केशु लाल यादव को बनाया गया। कार्यक्रम में नरेश राजपूत, राजेंद्र यादव, दीप मरावी, ओमकार यादव, बसंत यादव, कुंदन साहू, सुनील हरदहा, अंबालाल हरदहा, उदल यादव, घन्सराम यादव, योगेश पटेल, जगन्नाथ यादव, लालसिंह भारतीय, माहुलाल साहू, सहित अनेक लोगों उपस्थित रहे।

सतगुरु बाबा ईश्वरशाह के स्वर्ण प्राकट्य दिवस पर अनूठी पहल, 23 को देशभर में वृहद पौध रोपण

हरे माधव दरबार कटनी में जुटेगी संगत

स्वर्ण प्राकट्य दिवस पर लाखों शिष्य लेंगे पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

मंडला 16 नबंवर नभाप्र. हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी शाखा मंडला के सदस्यों ने जानकारी दी है कि जीवन मुक्त पूरण सतगुरु बाबा ईश्वरशाह का 50वां प्राकट्य दिवस इस वर्ष प्रकृति को समर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर देश भर में स्थित बाबा जी के लाखों अनुयायी 23 नवंबर, रविवार को एक ही समय में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। समिति सदस्यों ने बताया कि यह वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम अनुयायियों एवं शिष्यों की ओर से सदगुरू साहिबान जी को उपहार स्वरूप होगा। बाबा जी अपने उपदेशों के माध्यम से सदा ही शिष्यों को प्रकृति से स्नेह और उसके पोषण की समझ देते रहे हैं।

बताया गया कि स्वर्ण प्राकट्य दिवस 18 नवंबर को हरे माधव दरबार, माधव नगर, कटनी में एक आध्यात्मिक संगम मेला उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव से किया जाएगा। इस उत्सव में देश भर से आने वाली संगतों को सदगुरू जी की अपार कृपा और महर पाने का अवसर प्राप्त होगा। इस दौरान सदगुरू साहिबान जी का दिव्य दर्शन कराया जाएगा। सदगुरू साहिबान के भजनों से मुख से अमृत वर्षा का लाभ संगतों को प्राप्त होगा। बाल गोपालों की मन भावन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र होंगी। पूरे भारत वर्ष में जीवन मुक्त पूरण सतगुरु बाबा ईश्वर शाह जी के लाखों की संख्या में शिष्य एवं अनुयायी हैं, जो अपने संबंधित शहरों में हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति से जुड़े हुए हैं।

सेवा और सिमरन का संदेश

बाबा ईश्वर शाह जी सदा ही अपने अनुयायियों और शिष्यों को परमात्मा का नाम जप सिमरन, जीवात्माओं की सेवा, अन्न सेवा, जल सेवा और मरीजों की सेवा जैसे परमार्थ कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। सदगुरू साहिबान जी सत्संग के रूप में परमात्मा और सत्य से परिचय करवाते हैं, जिससे शिष्यगण सर्वाधिक आनंद में जीवन जीने का अनुभव करते हैं। इस वर्ष, पर्यावरण को समर्पित यह संकल्प सेवा और परमार्थ के उनके संदेश को आगे बढ़ाता है।

वनांचल मवई में सात दिवसीय अंतर-राज्यीय फुटबॉल महाकुंभ का आगाज, 16 टीमें ले रहीं भाग

मणिपुर, नागपुर, रांची समेत 16 टीमें मैदान में, विजेता को 51 हजार और उपविजेता को 31 हजार का नगद पुरस्कार

मवई 16 नबंवर नभाप्र. मवई मुख्यालय स्थित खेल मैदान में सात दिवसीय अंतर-राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हो गया है। स्थानीय स्तर पर पहली बार इतने बड़े पैमाने पर आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 16 चुनिंदा टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी उत्साह है और उनके अभूतपूर्व सहयोग से यह आयोजन ऐतिहासिक बन गया है। ग्रामीणों ने दूरदराज से आई मेहमान टीमों का गर्मजोशी से स्वागत किया है। बताया गया कि इस अंतर-राज्यीय टूर्नामेंट में आने वाले दिनों में कई मजबूत और बड़ी टीमें खेलती नजर आएंगी, जिनमें मणिपुर, नागपुर, गोंदिया, भरवेली, रांची, लखनऊ और हैदराबाद जैसी प्रमुख टीमें शामिल हैं। इन टीमों के बीच होने वाले मुकाबले दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 51 हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी, वहीं उप विजेता टीम को 31 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले

टूर्नामेंट के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ की भिलाई टीम और कोरिया टीम के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ मैदान में उमड़ पड़ी। चारों ओर से हरे-भरे वनांचल से घिरे इस मैदान में युवाओं का उत्साह देखने लायक था। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए पेशेवर व्यवस्थाएं की गई हैं। मैदान के चारों तरफ सुरक्षा घेरा बनाया गया है और इसके साथ ही महत्वपूर्ण पलों को कैद करने के लिए वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था भी की गई है।

प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

टूर्नामेंट आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए वे कई दिनों से सतत प्रयास कर रहे हैं और उन्हें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियों तथा व्यापारी साथियों का हर संभव सहयोग मिल रहा है। समिति का मानना है कि इस अंतर-राज्यीय प्रतियोगिता से वनांचल के उभरते हुए खिलाड़ियों को बड़े स्तर के खिलाड़ियों से सीखने और अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का अमूल्य अवसर मिलेगा।

जन अभियान परिषद के तत्वावधान में बिरसा मुंडा जयंती मनाई

परिषद में नियमित रूप से चलती हैं एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू की कक्षाएं

घुघरी 16 नबंवर नभाप्र. जन अभियान परिषद घुघरी के तत्वावधान में महान आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक राजेंद्र प्रसाद चौधरी के कुशल निर्देशन में किया गया, जिसे सफल बनाने में ब्लॉक समन्वयक नेम लाल धुर्वे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और लगभग 200 छात्रों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। बताया गया कि जन अभियान परिषद नियमित रूप से प्रत्येक रविवार को समाज कार्य की डिग्री एमएसडब्ल्यू, बीएसडबल्यू की कक्षाएं संचालित करता है, जिससे ग्रामीण अंचलों के छात्र लाभान्वित होते हैं। इन कक्षाओं के संचालन में सेल संत परामर्शदाता अशोक राज, नंदकिशोर राजे, मुकेश सैयाम समेत कई समर्पित कार्यकर्ताओं और नवांकुर संस्था का सक्रिय सहयोग प्राप्त होता है। इस अवसर पर सभी छात्रों और कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि वे बिरसा मुंडा के आदर्शों का पालन करते हुए समाज सेवा और रचनात्मक कार्यों में अपना योगदान निरंतर जारी रखेंगे।

जनजाति गौरव दिवस- सीएमसीएलडीपी छात्रों ने मनाई बिरसा मुंडा जयंती

युवाओं ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा ने दिया मार्गदर्शन

युवाओं से सरकारी योजना क्रियान्वयन में सहयोग की अपील

मंडला 16 नबंवर नभाप्र. मप्र जन अभियान परिषद मंडला के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में संचालित सीएमसीएलडीपी की कक्षा में रविवार 16 नवंबर दोपहर दो बजे महान आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में जनजाति गौरव दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत नारायणगंज के जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा ने छात्रों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष और देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। अविनाश शर्मा ने उपस्थित युवाओं से सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग की अपील भी की। कार्यक्रम में बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर को खास बनाते हुए विद्यार्थियों द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। रैली के समापन पर, सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्ति हेतु शपथ ग्रहण की। इस दौरान विकासखंड समन्वयक अनिल मेहरा और समस्त मेंटर्स उपस्थित रहे।

भुआबिछिया में महिला सशक्तिकरण पर हुआ मंथन

संघ के शताब्दी वर्ष पर सप्त शक्ति संगम संपन्न

भुआबिछिया 16 नबंवर नभाप्र. सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण, दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय संयोजिका सीमा यादव ने प्रतिवेदन और कार्यक्रम का उद्देश्य प्रस्तुत किया। रेखा चौरसिया ने कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। वहीं आरती मोदी ने महिलाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि सशक्त नारी ही सशक्त समाज का निर्माण करती है। अध्यक्षीय उद्बोधन में रजनी मरावी ने भी महिला सशक्तिकरण पर विचार साझा किए। इस दौरान विद्यालय की बहनें भारत की महान महिलाओं की वेशभूषा में सुशोभित थीं और उन्होंने प्रेरणास्पद जीवंत झांकियां प्रस्तुत कीं।

आज से मंडला के नर्मदा तट पर 108 कुडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि महायज्ञ

सोमवार से चार दिवसीय महायज्ञ का आगाज

शांतिकुंज हरिद्वार की टोली कराएगी यज्ञ

मानव में देवत्व उदय का संकल्प

मंडला 16 नबंवर नभाप्र. युग ऋषि वेद मूर्ति तपोनिष्ठ परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से मंडला में चार दिवसीय विराट 108 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन आज सोमवार 17 से 20 नवंबर तक किया जाएगा। यह महायज्ञ कुंभ स्थल नर्मदा तट मंडला पर आयोजित किया जाएगा, जिसे संपन्न कराने के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की टोली मंडला पहुंची है। बताया गया कि यह आयोजन युग निर्माण योजना के अंतर्गत अखिल विश्व गायत्री परिवार की संस्थापिका परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में एक वैश्विक उत्सव के रूप में होने जा रहा है। इसका उद्देश्य क्षेत्र के जनमानस को आद्यशक्ति वेदमाता गायत्री के महामंत्र को साधनात्मक पुरुषार्थ, राष्ट्र शौर्य और समृद्धि हेतु प्रेरित करना है। आयोजक अखिल विश्व गायत्री परिवार मंडला की समस्त टोली ने जिलेवासियों से इस आयोजन में सपरिवार पहुंचने की अपील की है, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि यज्ञ से सारे विश्व का कल्याण होता है और भगवान जल्दी प्रसन्न होते हैं।

कार्यक्रम की बनी रूपरेखा

चार दिवसीय इस आयोजन की शुरुआत आज सोमवार को दोपहर 12 बजे से होगी, जब भव्य मंगल कलश यात्रा गायत्री शक्तिपीठ से नगर भ्रमण करते हुए कुंभ स्थल पर जाकर समाप्त होगी। मंगलवार 18 नवंबर को सुबह 8 बजे से मुख्य यज्ञ प्रारंभ होगा। प्रत्येक दिन दोपहर 3 बजे से संगीत एवं प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महायज्ञ के दौरान विभिन्न प्रकार के संस्कार निशुल्क संपन्न कराए जाएंगे। यह महायज्ञ न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि सामाजिक और आत्मिक उत्थान का संदेश भी देगा।

मिली सफलता | चार दिन तक एसडीआरएफ टीम करती रही सर्चिंग, पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच की शुरू

बबैहा पुल से 200 मीटर दूर झाड़ियों में फंसा मिला चालक धर्मवीर का शव

मंडला 16 नबंवर नभाप्र. विगत 12 नबंवर बुधवार रात्रि नेशनल हाईवे 30 मार्ग में बबैहा पुल से नदी में एक चांवल से लोड ट्रक गिर गया था। चार दिन बाद रविवार 16 नबंवर को सुबह एसडीआरएफ टीम को सर्चिंग के दौरान पुल से करीब 200 मीटर दूर झाड़ियों में ट्रक चालक का शव बरामद कर लिया गया। एसडीईआरएफ की टीम पिछले चार दिनों से लगातार नदी में लापता लोगों की तालाश कर रही थी। रविवार को सर्चिंग अभियान के दौरान पुल से कुछ ही दूरी पर पानी में एक शव दिखा, जिसे बाहर निकालकर पहचान की गई। शव की पुष्टि ट्रक चालक धर्मवीर के रूप में हुई है। बुधवार देर रात हुए इस भीषण हादसे में ट्रक अनियंत्रित होकर पुल से नीचे नदी में जा गिरा था। ट्रक चालक धर्मवीर की तलाश में एसडीआरएफ की टीम पिछले चार दिनों से नदी में जुटी हुई थी। टीम को रविवार सुबह पुल से कुछ दूरी पर पानी में एक शव दिखाई दिया, जिसे बाहर निकालकर पहचान की गई। शव की पुष्टि ट्रक चालक धर्मवीर के रूप में हुई है। इससे पूर्व शनिवार को दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के कंडेक्टर हरीशंकर कश्यप का शव भी बरामद कर लिया गया था। कंडेक्टर का शव मिलने के बाद ड्राइवर की तलाश के लिए एसडीआरएफ की आठ से अधिक सदस्यों वाली टीम ने दिनभर सर्च ऑपरेशन चलाया था, लेकिन शनिवार को सफलता नहीं मिल पाई थी। रविवार सुबह फिर से तलाशी अभियान शुरू किया गया और इसी दौरान ड्राइवर धर्मवीर का शव बरामद हुआ।

विशाखापत्तनम जा रहा था चावल से भरा ट्रक

ट्रक मालिक रणवीर सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक 10 नवंबर को बुलन्दशहर से चावल लोड कर विशाखापटनम के लिए रवाना हुआ था। ट्रक मालिक रणवीर ने बताया कि 12 नवंबर की रात ट्रक का जीपीएस कनेक्शन अचानक बंद हो गया था, जिसके बाद उन्हें हादसे की जानकारी मिली।

पंचनामा तैयार कर पीएम के लिए भेजा शव

शव मिलने के बाद पुलिस ने पंचनामा तैयार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दोनों मृतकों के परिजन पहले ही मंडला पहुंच चुके थे, जिन्हें इसकी सूचना दे दी गई है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आखिर किस कारण से ट्रक अनियंत्रित होकर पुल से नदी में गिरा। पुलिस ओवरलोडिंग, ड्राइवर की गलती, या तकनीकी खराबी जैसे संभावित कारणों की जांच कर रही है जिससे हादसे की असली वजह सामने आ सके।

हेल्पलाईन-9713644800

माँ नर्मदा होम कॉलोनी
(प्रस्तावित बस स्टेण्ड गाजीपुर के समीप व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज बड़ी खैरी की सीमा से लगा हुआ)
कम से कम रेट पर... सभी साईज के प्लॉट उपलब्ध
शासकीय कर्मचारी व प्रायवेट कर्मचारी के साथ-साथ व्यापारी भाईयों के लिये सुनहरा अवसर
आज ही आईयें और अपने घर का सपना साकार कीजिये
बिजली, सड़क एवं नाली की सुविधा युक्त
कम से कम कागजी कार्यवाही, तुरंत फायनेंस स्वीकृति, शत्-प्रतिशत फायनेंस
स्पेशल ऑफर प्लाट बुक करने पर रजिस्ट्री फ्री
मो.- 7828214860, 8305671202
पता ऑफिस- जबलपुर - रायपुर नेशनल हाइवे, बायपास मेन रोड, कटरा (मंडला)
सिटी ऑफिस- हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, प्रथम तल फ्लेट नं. 4 बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, जबलपुर रोड, मंडला